चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

(परीक्षा विभाग)

पत्रांक : परीक्षा / 5796

मेरठ, **दिनांक** : 18.02.2022

// विज्ञप्ति //

विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2021) सत्र 2021–22 (NEP के अन्तर्गत प्रविष्ट छात्रों को छोड़कर) के परीक्षा फार्म शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2021) सत्र 2021–22 के परीक्षा फार्म (NEP के अन्तर्गत प्रविष्ट छात्रों को छोड़कर) विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में भरवाये जा चुके हैं।

वैश्विक महामारी कोविड–19 के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सन्दर्भित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्रायें जिन्होंने अपना परीक्षा फार्म भर दिया है परन्तु परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा नहीं किया है को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये परीक्षा फार्म जमा कराते हुए सत्यापित कराने का अवसर दिया जा रहा है।

परीक्षा फार्म शुल्क जमा किये हेतु ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 18.02.2022 से 20.02.2022 तक खुला रहेगा। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वह इस अवधि में अपना परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

सन्दर्भित महाविद्यालय/संस्थान परीक्षा फार्मों की अर्हता जाँचने के उपरान्त ऑनलाईन भरे गये परीक्षा फार्मों की कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करायी गयी नोमिनल रोल लिस्ट (एन0आर0) को दिनांक 21.02.2022 तक ऑनलाईन सत्यापित करते हुये, विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

18/02/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मो को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही परीक्षा शुल्क जमा करने तथा सत्यापित करने हेतु पोर्टल खोलने का कष्ट करें।

18/02

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)